15 ज़िलों के लिये 1300 करोड़ रुपए से अधिक की 30 जल आपूर्ति और 9 सीवरेज परियोजनाओं को मिली मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

23 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जलापूर्ति व सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत 15 ज़िलों के लिये 1300 करोड़ रुपए से अधिक की 30 जल आपूर्ति और 9 सीवरेज परियोजनाओं को प्रशासनिक मंज़ूरी प्रदान की है।

प्रमुख बिंदु

- इन 15 ज़िलों में 1018 करोड़ रुपए की लागत की 30 जल आपूर्ति परियोजनाएँ और 283 करोड़ रुपए की लागत से 9 सीवरेज परियोजनाएँ 'अमृत 2.0' के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाएंगी।
- इन ज़िलों में अंबाला, हिसार, कैथल, कुरुक्षेत्र, जींद, पंचकूला, रोहतक, फतेहाबाद, सिरसा, चरखी दादरी, यमुनानगर, करनाल, भिवानी, महेंद्रगढ़ और पलवल शामिल हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी की 425 करोड़ रुपए से अधिक की 18 जल आपूर्ति परियोजनाएँ पाइपलाइन में हैं, जिन्हें जल्द ही मंज़ूरी प्रदान कर दी जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने ज़िला सिरसा के रानिया शहर के लिये, नहर आधारित वाटर वर्क्स के निर्माण के लिये ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि की खरीद के लिये 14.15 करोड़ रुपए प्रशासनिक मंज़ूरी प्रदान की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/30-water-supply-and-9-sewerage-projects-approved-for-15-districts